सार-समाचार

## पंचमुखी महादेव की पुनः प्राण प्रतिष्ठा

**फलोदी**, (निसं)। शहर के भैया नदी स्थित द्वारिकाधीश मन्दिर में स्थापित शिव मंदिर में शिवालय परिवार एवं पंचमुखी महादेव ज्योतिर्लिंग की पुनः प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य यजमान रेणु रमेश टरू, अनिता अभिषेक दवे,मोनिका मनोज भैया,राजू देवी गोपाल सोनी द्वारा पूजा अर्चना और अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई बाद में प्रयागराज से पधारे कैलाश पीठाधीश्वर कृष्णानंद महाराज एवं मुख्य यजमानों के कर कमलों से पंचमुखी महादेव शिवलिंग और शिवालय परिवार देवी पार्वती,भगवान गणेश जी और कार्तिकेयजी की प्रतिमा स्थापित की गई। तत्पश्चात कैलाश पीठाधीश्वर कृष्णानंद महाराज और यजमानों के सानिध्य में ग्रह शान्ति हवन किया गया। बाद में अभिजित मुहूर्त में वेद पाठियों द्वारा महारुद्रा अभिषेक पाठ किया गया। तत्पश्चात महाआरती की गई बाद में सभी भक्तों में प्रसादी और सम्पूर्ण रात्रि भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। साथ ही भगवान श्री द्वारकाधीश के समक्ष होरिया जिसमें आई फागुन की बहार होरी खेले नंदकुमार.. वाह वाह री ब्रजमंडल.., शिव के मण्डल मोहे बसी री काशी.., इत्यादि होरियों प्रस्तुत की गई। सुरेश बोहरा और पुजारी प्रमोद दवे के सानिध्य में पांच दिन तक 25 वैद पाठियों जगदीश दवे, गोपाल व्यास,लाल पुरोहित, दीपक, लक्ष्मण थानवी,प्रेम थानवी,कृष्ण कुमार, राजू चांडा,जगदीश बोहरा,रवि व्यास, केशव व्यास,यश दवे,धनराज बोहरा, चिरंजीव पुरोहित,मधु बोहरा, भाऊ जोशी, कमल किशोर रंगा, सुधीर व्यास, झवरीलाल, लोकेश चांडा,सत्यनारायण पुरोहित, पक्का महाराज,घनश्याम चांडा,रामकुमार गज्जा,रामदयाल बोहरा सहित वेद पाठियों द्वारा भव्य महारुद्री पाठ किया गया।

## डॉ. सक्सेना ने निरीक्षण किया

**फलोदी**, (निसं)। संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए जोन कार्यालय, जोधपुर डॉ.नरेन्द्र सक्सेना ने जिला अस्पताल फलोदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओ पी डी पर्ची काउंटर ,चिकित्सक ओ पी डी कक्षों,डीडीसी काउंटर ,लैब,एक्सरे,सीटी स्कैन,सोनोग्राफी कक्षों,समस्त वार्डो,डायलिसिस,लेबर रूम,इमरजेंसी यूनिट व ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनसीडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए एनसीडी प्रभारी को लक्ष्य अनुसार एनसीडी कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। साथ की लैब प्रभारी को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जांच बढाने व निक्षय पोर्टल पर नियमानुसार रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक ने वार्ड में भर्ती मरीजों व लेबर रूम की प्रसूति महिलाओं से संबंधित बीमारी के बारे में व निशुल्क दवाओं के संबंध में जानकारी ली। समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को नियत गणवेश में अस्पताल आने के लिए निर्देशित किया व भविष्य में भी स्टाफ गणवेश में नहीं आए तो नोटिस जारी करने के लिए नर्सिंग अधीक्षक व प्रभारी को निर्देश दिए। समस्त वार्ड प्रभारियों को प्रतिदिन बेड शीट बदलने व नर्सिंग अधीक्षक को बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। वार्ड में कम रोशनी के कारण समस्त वार्ड में अतिरिक्त लाइट्स लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पीएमओ डॉ अभिषेक अग्रवाल व सीएमएचओ डॉ.प्रताप सिंह राठौड उपस्थित रहे।

## वर्षों से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**रेवदर**, (निसं)। निकटवर्ती अनादरा थाना स्तर के टॉप 10 में वांछित को मध्यप्रदेश से किया गिरफ्तार, एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट सिरोही द्वारा जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट सेशन प्रकरण में पिछले 25 वर्षो से फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी बदमाश को गिरफतार किया गया। पुलिस के अनुसार मेथिया उर्फ मेथा उर्फ मोतीया जाति बारिया भील निवासी नेगडिया झाबुआ मध्यप्रदेश को किया गिरफ्तार, आरोपी लंबे समय से पहचान छिपाकर जंगल क्षेत्रों में समय काट रहा था। पुलिस टीम ने करीब 5 दिन तक जंगलों में कैंप कर सर्च अभियान लगातार चलाया। दर्जनभर स्थानों पर दबिश के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। अनादरा सीआई कमलेश कुमार मय टीम कांस्टेबल हरजीराम अनादरा, प्रकाश कुमार रेवदर, अब्दुल्ला सिंह मंडार सहित, मप्र पुलिस का गिरफ्तार करने में अहम योगदान रहा।

## हिन्दू सेवा मंडल ने राशन वितरण किया

पाली, (नि.सं.)। कर्म करने से फल मिलता है और आध्यात्मिक मान्यता के अनुसार हर धर्म में परोपकार को पुण्य माना गया है,ये विचार संस्था के उपाध्यक्ष केवलचन्द कवाड़ ने हिन्दू सेवा मंडल के तत्वावधान में अति जरुरतमंदों को वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बालाल सोंलकी, कोषाध्यक्ष गुरुचरण हेड़ा, सह कोषाध्यक्ष छगनलाल सालेचा, डॉ जी एन अरोड़ा,रमेश चन्द्र शर्मा व श्रीकिशन दायमा के साथ राशन सामग्री वितरण करते हुए व्यक्त किए। प्रवक्ता देवराज शर्मा ने बताया कि शहर के धर्मपरायण लोगों द्वारा प्राप्त सहायता को जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित मासिक गरीब राशन कार्ड योजना के अन्तर्गत 191 जरुरतमंद लाभार्थियों को राशन के किट वितरित किए गये। समाजसेवी लखपत राज सिंघवी, ओमप्रकाश सोनी,दलपत मल सिंघवी, गौतमचंद शर्मा व विष्णु कुमार गोयल ने इसे जरुरतमंद लोगों के लिए राहत भरा कदम बताया। राशन वितरण की व्यवस्था में व्यवस्थापक विजय नाथ व जेठूसिंह राजावत ने सक्रिय सेवाएं दी। लाभार्थियों के चेहरे राहत पाकर खिल उठे।

## आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के निकट राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भागली पुरोहितान में कक्षा आठवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान सरोज चौहान ने छात्रों को अनुशासित रहकर आगे बढ़ने की सीख प्रदान की। शारीरिक शिक्षक मिश्रीमल सुथार ने अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया। मनोज दवे ललिता रानी मोहिनी देवी सुमन कुमारी कमल किशोर अध्यापकों द्वारा छात्रों का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं परीक्षा मे अच्छे अंक लाने के लिए मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं भावुक होकर रोने लगे जिसे देख शिक्षकों की आंखें भी नम हो गई। अंत में पूरे विद्यालय को मिष्ठान वितरण किया गया और छात्रों को अच्छे अंकों से पास होने की शुभकामनाएं दी गई। कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षक बंधुओं को कलम भेंट कर उनका बहुमान किया गया।

## पीयूष व्यास ने फलोदी का मान बढ़ाया

**फलोदी**, (निसं)। डॉ पीयूष व्यास, पुत्र पूजा शांति लाल व्यास (मूल निवासी फलोदी) ने बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी फाइनल परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। परीक्षा परिणाम कल घोषित हुआ, जिसके साथ ही वे फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने अपना चार वर्षीय क्चक्कञ्ज कोर्स एस.एल.एन.जी मेडिकल कॉलेज, जोधपुर से पूर्ण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मास्टर डिप्लोमा इन अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा मास्टर डिप्लोमा इन एक्यूप्रेशर भी सफलतापूर्वक किया है। गत एक वर्ष से वे त्रिनय हॉस्पिटल में डॉ पुष्पा भारत के मार्गदर्शन में फेलोशिप के रूप में कार्यरत हैं, जहां वे अपने कौशल को निरंतर निखार रहे हैं। इस अवसर पर उनके प्रेरणास्त्रोत व्याख्याता विशंभर थानवी तथा उनकी बहन कविता व्यास ने उनके अथक परिश्रम, समर्पण और उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## इंवेस्टमेंट के नाम पर 34 लाख का फ्रॉड

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित रूप नगर में रहने वाले एक व्यक्ति से शेयर बाजार में इंवेस्टमेंट के नाम पर 34 लाख की धोखाधड़ी कर ली गई। शातिरों ने एक ग्रुप से जुड़वाने के बाद उसे ठगी का शिकार बनाया। घटनाक्रम गत साल जुलाई से शुरू हुआ जोकि कुछ दिन चला। ठगी के शिकार पीड़ित ने अब चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में इसकी रिपोर्ट दी है। चौहाबो पुलिस ने बताया कि पाल रोड स्थित रूप नगर में रहने वाले हर्षित श्रीमाल पुत्र गौतम श्रीमाल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसने मोबाइल के जरिए गत साल जुलाई में शेयर बाजार में अच्छे मुनाके का कह कर किसी ने संपर्क किया था। बाद में उसने रूपए इंवेटस्मेंट करने शुरू कर दिए। कुछ दिनों तक लाभ मिलता रहा और फिर शेयर में टास्क दिया गया। कई बार लाभ मिलता तो कभी शातिर उसे रूपए डालने की बात करते रहे। आखिरकार उससे 34 लाख का फ्रॉड कर दिया गया।

## शीतला मेले का अवकाश अब 10 को

**जालोर**,(का.सं.)। जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर जिले में कलेण्डर वर्ष 2026 (ग्रेगोरियन) ई. एवं शक संवत् 1947-1948 के दौरान जिले में 11 मार्च को शीतला सप्तमी मेला एवं 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी के दिवसों को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। संशोधित आदेशानुसार अब शीतला सप्तमी मेले का स्थानीय अवकाश 11 मार्च के स्थान पर 10 मार्च को रहेगा।

# डॉक्टर्स वॉरियर्स ने एम.सी.एच. को फाइनल में पराजित किया

**जालोर**, (कासं)। खेलकूद को बढ़ावा देने व नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों में खेलकूद के प्रति जागरूकता के मद्देनजर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर की ओर से शाह पुंजाजी गेनाजी स्टेडियम ग्राउंड पर जिकोन जालोर क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन फर्स्ट का विधिवत आगाज किया गया ।

'खेल खेलो-नशा छोडो'की थीम पर आधारित आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की चार बैच की टीमों को सुपीरियर इलेवन, ब्लैक पैंथर ,राइजिंग स्टार इलेवन व रॉयल स्ट्राइकर्स में बांटकर मैचो का आयोजन किया गया। जिसमें दो दिवस तक सभी टीम के बीच मैच मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.वेद प्रकाश मीणा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महाविद्यालय के फैकल्टीज एवं अतिथिगणों की उपस्थिति में द्वीप प्रज्जवलन एवं ईश प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर साफा व माला पहनाते हुए स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पीएमओ डॉ वेद प्रकाश मीणा ने खेलकूद गतिविधियों को बढावा देने के लिए खेलकूद आयोजन प्रतिभाओं को निखारने व अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया एवं खेलकूद गतिविधियों के लिए सदैव सहयोग करने व बढावा देने के लिए तत्पर रहने का विश्वास दिलाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने कहा कि 'खेल खेलो-नशा छोडो, खेलेगा युवा तो नशे से बचेगा युवा'थीम पर इस क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने बताया कि अक्सर सभी शैक्षणिक संस्थानों का प्राथमिक ध्येय अकादमिक व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने पर होता है, जो निश्चित रूप से एक छात्र के करियर और जीवन के निर्माण में एक महत्वपूर्ण पहलू है, लेकिन इससे कई विद्यार्थी खेलों के महत्व को पहचानने में विफल रह जाते हैं। लेकिन इस तरह के खेल आयोजन से न केवल छात्रों में शारीरिक फिटनेस को बढावा मिलता हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान में भी वृद्धि होती हैं । ये अनुशासन, एकाग्रता, समर्पण, कडी मेहनत, प्रतिबद्धता और टीम भावना सिखाते हैं। मुझे विश्वास है कि यह क्रिकेट खेलकूद-प्रतियोगिता सभी छात्रों के लिए एक सुखद और यादगार अनुभव होगा।पहले दिन हुए मैच में राजकीय चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफिसर्स की वॉरियर्स टीम एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य के नर्सिंग ऑफिसर्स की वारियर्स टीम में हुए मुकाबले में एमसीएच वॉरियर्स टीम विजेता रही। वही एमसीएच टीम और डॉक्टर्स टीम के बीच हुए फाइनल मुकाबले में डॉक्टर्स वॉरियर्स टीम फाइनल विजेता बनी। वहीं विद्यार्थियों की टीमों में पहले दिन हुए मुकाबलों में राइजिंग स्टार इलेवन एवं ब्लैक पैंथर टीम विजेता रही। जिनके बीच कल फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। कार्यक्रम की आयोजन समिति बैच वन के सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोगी रहे। डॉ.प्रकाश बिश्नोई, डॉ.कमलेश मीना, डॉ.विजय मीणा, आरएनए जिलाध्यक्ष सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, आरआरएनए जिलाध्यक्ष मुश्ताक अली, आरआरएनयू जिलाध्यक्ष जितेंद्र भार्गव, नर्सिंग ऑफिसर गोविंद परिहार, पूर्वी एम्बुलेंस सर्विस के कैलाश माली, एसएनओ रमजान खान,गौतम कुमार, कमलेश बामनिया,करण कुमार को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। अम्पायरिंग में मुश्ताक अली,रवीन्द्र सेंगर, जबराराम की विशेष भूमिका रही। नर्सिंग फैकल्टी मोहनसिंह गुर्जर , यशवंत पुंसल, सुरेश गर्ग ,डिंपल गर्ग , राधेश्याम समेत आयोजन समिति के राकेश, वरुण, मुकेश, जयराम ,धर्मेंद्र , महेंद्र ,हितेश, मोनू अरबाज हीरसिंह का विशेष योगदान रहा। क्रिकेट खेल प्रतियोगिता आयोजन के दौरान महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## अन्तर्राज्यीय अपराधी सहित तीन जने गिरफ्तार

**रेवदर**, (निसं)। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य व मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर टीमों द्वारा विश्लेषण कर अथक प्रयासों से कुख्यात तीन अपराधियों जिसमें से एक अन्तर्राज्यीय अपराधी है, को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

आरोपियों द्वारा कैम्पर गाडी लेकर दिन दहाडे सरेसी माता ऑटो फाईनेन्स रेवदर के ऑफिस में आकर ऑफिस में बैठे स्टाफ को हरीश घांची के बारे में पुछा तो स्टाफ द्वारा बताया की आप हरीश घांची से जरिये टेलिफोन बात करलो। जिस पर मुलजिमान नाराज होकर जान से मारने के ईरादे से फाईनेन्स ऑफिस में बैठे स्टाफ साहिल के उपर दो राउण्ड फायर किये जाकर घटना को अंजाम देकर मौके से कैम्पर गाडी लेकर आरोपीगण फरार हो गये।

जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही द्वारा फायरिंग की वारदात को गम्भीरता से लेते हुए घटना को ट्रेस करने हेतु मनोजकुमार गुप्ता वृताधिकारी वृत रेवदर, सीताराम पंवार व ओमकरण निरीक्षक पुलिस के नेतृत्व में पुलिस थाना रेवदर व जिला मुख्यालय सिरोही से डीएसटी, क्यूआरटी व साईबर सैल से अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा रेवदर, दांतराई, सिलदर, कालन्द्री, जसवन्तपुरा, रामसीन, भीनमाल, अहमदाबाद, जोधपुर, पाली राष्ट्रीय राजमार्ग व राज्य राजमार्गों व अन्य जिलो के भागों पर करीबन 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चैक किये तथा तकनीकी साक्ष्य, मानवीय आसूचनाओं का संकलन कर विश्लेषण किया गया। तकनिकी संसाधनों का उपयोग कर आरोपियों के फोटो व विडियो मिले जिन्हें तकनीकी तरीके से डवलप किया गया तथा परम्परागत खुफिया तरीको से पहचान के प्रयास किये जाकर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई। तत्पश्चात अलग-अलग टीमों द्वारा आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से दस्तयाबी के प्रयास किये गये। आरोपीगण आले दर्ज के बदमाश होकर राजस्थान व गुजरात में अनेक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। अन्तर्राज्य अपराधी सवाईसिंह उर्फ सोनु पुत्र सुरेन्द्रसिंह जाति राजपुरोहित उम्र 30 साल निवासी रूघडी पुलिस थाना खिवाडा जिला पाली राजस्थान हाल सुरत गुजरात को बापर्दा गिरफ्तार व शिशुपालसिंह राव पुत्र हरिसिंह राव उम्र 25 साल पेशा मजदुरी जाति राव (चौहान) निवासी रावों का वास दांतराई पुलिस थाना रेवदर जिला सिरोही एवं राजेन्द्रसिंह पुत्र मंगलसिहं जाति राजपुत उम्र 24 साल पेशा मजदुरी निवासी वलदरा रोड कालन्द्री पुलिस थाना कालन्द्री जिला सिरोही को गिरफ्तार किया गया है। सवाईसिंह उर्फ सोनु जो थाना सुमेरपुर में व अन्य थानों में वांछित अपराधी है जो आले दर्जे का बदमाश है। सुरेन्द्रसिंह नोवी सुमेरपुर जिला पाली की गैंग का सदस्य है। इसके द्वारा पंकिल हत्याकाण्ड सुमेरपुर वारदात करने के पश्चात लगातार फरार होकर जोधपुर, सुरत, जैसलमेर में अलग-अलग जगह पर किराये के मकान लेकर फरारी काट रहा था। आरोपी मोबाईल व सिम स्वयं के नाम की नहीं रखाता है, अन्य के नाम पर सिम उठाकर मोबाईल फोन का उपयोग करता रहा।

# मदन राठौड़ ने मीडिया गैलेरी के कार्य का लोकार्पण किया

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सभा सांसद मदन राठौड मंगलवार को एक दिवसीय पाली दौरे पर रहे। जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पाली प्रेस क्लब मीडिया गैलेरी में नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि मीडीया देश समाज का आईना है और देश में मीडीया चौथा स्तंभ है उसका मजबूत होना आवश्यक है, जो समाज में हो रही अच्छी बुरी घटनाओं को कमियों को दिखाता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यथार्थ चित्रण के साथ सकारात्मक व अच्छे बदलाव को अधिक उभारे ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आये। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद राठौड ने कहा कि उन्हें सदेव पाली की मीडिया से सिखने को मिला। वे मीडिया के सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने भविष्य में भी विकास के लिए यदि किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता होगी तो वे उसके लिए तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कार्यक्रम में मीडिया के कार्यशैली की भूरी भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, डीआईजी आदर्श सिंधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, आईएएस बिरजू गोपाल, एडीएम बजरंगसिंह, एसडीएम विमलेन्द्र सिंह राणावत, सहायक निदेशक जनसम्पर्क सौरभ सिंगारिया, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सुनील भंडारी व समारोह में मौजूद रहे व स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कृपा शंकर त्रिवेदी, ओम चतुर्वेदी, अरूण जोशी, धर्मेन्द्र वैष्णव, कन्नु भीलवारा, छगनलाल भारद्वाज का साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर एलएन मंत्री व पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधु ने मीडिया गैलेरी के नवीनीकरण कार्य की प्रशंसा की।

समारोह में सम्पादक अरविन्द शर्मा, सम्पादक नागेश शर्मा, पुखराज पटेल, भंवर चौधरी, त्रिलोक चौधरी समेत मीडिया अध्यक्ष शेखर राठौड़, उदयवीरसिंह, सुभाष त्रिवेदी, पन्नालाल चौहान, जय थेवानी, श्याम चौधरी, सुभाष रोहिसवाल, अमृत कुमावत, ओम टेलर, ओम वैष्णव, जितेन्द्र कच्छवाह, मुकेश राजा, सुरेश हेमनानी, कुलदीप, हस्तपाल, सिकन्दर खान, मनोज शर्मा, रविन्द्र सोनी, मुकेश सोनी, पवन पाण्डे, शरद भाटी, आसिफ सिलावट, मनीष, जितेन्द्र पासवानी मोहम्मद यासिन सहित अनेक मीडिया प्रतिनिधि व कलेक्ट्रेट अधिकारीगण, विक्रमसिंह परिहार एवं जनसम्पर्क कार्यालय के नरेन्द्रसिंह, युगल किशोर, जगदीश मीणा, हेमंत कुमावत, कपिल शर्मा, नरपत सिंह, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन संदीप राठौड़ ने किया।

## खाते से 72 हजार रुपए पार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के प्रतापनगर स्थित देवी रोड चांदणा भाखर में रहने वाले एम्स कार्मिक के क्रडिट कार्ड से हेराफेरी कर किसी शातिर ने 72 हजार रूपए की निकासी कर डाली। उसके पास ना तो कोई फोन आया और ना ही किसी तरह का मैसेज।

पीड़ित ने प्रतापनगर थाने में इस बाबत केस दर्ज कराया है। अग्रिम पड़ताल की जा रही है।

प्रतापनगर थाने के एएसआई भजनीराम ने बताया कि देवी रोड, चांदणा भाखर के रहने वाले भरत राव ने रिपोर्ट दी है । इसमें उसने बताया कि उसने एक निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड ले रखा है और उसकी ब्रांच प्रतापनगर में आई है। वह एम्स सिक्योरिटी गार्ड में कार्यरत है। 16 फरवरी को उसके फोन ना तो कोई मैसेज आया और ना ही किसी प्रकार लिंक आया था। जिससे उसने कोई छेड़छाड़ की हो, फिर भी उसके बैंक खाते से 72 हजार रूपए क्रेडिट कार्ड के जरिए निकल गए।

एएसआई भजनीराम ने बताया कि रूपए कहां और किस प्रपंच में निकाले गए है, इसका ब्यौरा जुटाया जा रहा है।






## निम्बेश्वर महादेव पशु मेला-2026 का समापन

पाली, (नि.सं.) जिले के श्री निम्बेश्वर महादेव मंदिर परिसर में निम्बेश्वर महादेव पशु मेला-2026 का मंगलवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ भव्य समापन हुआ।

अंतिम दिवस विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मेले में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए पशुपालकों, श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

समापन समारोह में जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे मेले पशुपालकों को आर्थिक अवसर प्रदान करने के साथ क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय 3100 रुपये तथा तृतीय 2100 रुपये प्रदान किए गए। भेड़-बकरी वर्ग में क्रमशः 2100 रुपये, 1100 रुपये एवं 500 रुपये के पुरस्कार दिए गए।

उद्घाटन दिवस से ही पशुओं की भारी आवक दर्ज हुई, जिससे मेले की लोकप्रियता और व्यापकता स्पष्ट हुई। मेले में अश्व नृत्य, अश्व श्रृंगार, ऊँट नृत्य, ऊँट श्रृंगार, गोड़वाड़ केसरी, गोड़वाड़ सुंदरी, मूंछ एवं साफा प्रतियोगिता सहित अनेक पारंपरिक प्रतियोगिताएँ आकर्षण का केंद्र रहीं। मनोरंजन के लिए आयोजित सांस्कृतिक संध्याओं में तेरहताली, भवाई एवं लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। भजन संध्या एवं धार्मिक कार्यक्रमों से मेले का वातावरण आध्यात्मिक बना रहा। पशुधन प्रतियोगिताओं में अश्व, ऊँट, गौवंश, भैंस, भेड़ एवं बकरी वर्ग में पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेले में महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, पंजाब एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से पशुपालकों की भागीदारी रही। कुल 1537 पशुओं की आवक दर्ज की गई तथा पशु विक्रय से पशुपालकों को उल्लेखनीय आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ। मेले में पशु औषधालय, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। पशुओं के उपचार हेतु अस्थायी पशु चिकित्सालय 24 घंटे संचालित रहा। पुलिस विभाग द्वारा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के चलते आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रहा।

मेला आयोजन में सुमेरपुर क्षेत्रीय प्रशासन, विभिन्न विभागों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पशुपालकों तथा मेला प्रबंधन से जुड़े सभी सहयोगी संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नगर पालिका सुमेरपुर, फालना, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, राजीविका एवं मार्केटिंग बोर्ड सहित अन्य विभागों ने एडीएम बाली एवं एसडीएम सुमेरपुर के निर्देशन में सक्रिय भूमिका निभाई। मेला स्थल की तैयारियों में ग्राम विकास अधिकारी जगदीश सुथार एवं ट्रस्ट अध्यक्ष जगत सिंह राणावत सहित सभी संबंधित अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और पशुधन आधारित गतिविधियों के समन्वय के साथ श्री निम्बेश्वर महादेव पशु मेला-2026 का सफल भव्य समापन हुआ।

## नवीन भारद्वाज ने बैठक ली

**पाली**, (नि.सं.)। नगर निगम पाली के आयुक्त नवीन भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले के बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में फुटकर विक्रेताओं जैसे सब्जी एवं फल विक्रेता तथा केबिन संचालकों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, घरेलू कामगार, भवन निर्माण श्रमिक, हॉकर्स, वेस्ट वर्कर, रैग पिकर एवं दस्तकारको अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने बैंकों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर पात्र फुटकर विक्रेताओं को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सचिव नगर निगम पाली पुरुषोत्तम पंवार, द्वारा जिले के सभी बैंकों के अधिकारियों से बैंकवार प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी प्रवीणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि योजना के अंतर्गत बैंकों में पुनः अग्रेषित ऋण आवेदनों की समीक्षा कर पात्र आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराया जाएगा तथा अपात्र आवेदनों को पोर्टल से हटाया जाएगा। साथ ही स्वीकृति के लिए लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।


